तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025

11 बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू जिपं सदस्य संजय और लोकेश्वरी कर रहे आंदोलन

12 कांक्रीट के बीच खिला हरियाली का सपना, नवापारा में पर्यावरण प्रेमियों ने रचा ऑक्सीजोन







## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के 11 साल के नेतृत्व में आमजनों के जीवन में आई खुशहाली और तरक्की: योगेश शर्मा

**मैनपुर।** भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सफलता पूर्वक 11 साल देश का नेतृत्व किया है वहीं तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण कर लिया है श्री शर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी जी ने दुनिया में भारत को समृद्ध देश के रूप में खड़ा किया है, उनके नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है इन 11 वर्षों में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण हुआ है।



आम लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है श्री शर्मा ने कहा कि, 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आया है आम लोगों को लगता है कि, आज सरकार उनकी चिंता कर रही है आम लोग भी देश के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर है उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 साल के नेतृत्व में आमजनों के जीवन में खुशहाली और तरक्की आई है देश की दशा और दिशा बदली है चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है, और अब हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

### पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत मृतक के पिता को मिले 2 लाख रूपए

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सुरेश पटेल का इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक गरियाबंद शाखा के खाता धारक का बीमा था। श्री पटेल का अकस्मात मृत्यु होने के बाद उनके पिता सुकदेव पटेल द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का क्लेम 28 मई 2025 को किया। जिस पर शाखा प्रबंधक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 जून 2025 को क्लेम की राशि 2 लाख रूपये को नॉमिनी को हस्तांतरित कर दिया गया।

जिससे नॉमिनी को अपने अन्य खर्चों के लिए समय से राशि मिल गई जिसके लिए वे केन्द्र सरकार का आभार प्रकट कर रहे हैं। इस दौरान इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक गरियाबंद के शाखा प्रबंधक श्री विवेक सोनी, एग्जीक्यूटिव श्री भूपेंद्र साहू एवं एग्जीक्यूटिव सौरभ तायडे भी मौजूद थे। शाखा प्रबंधक ने जिले के सभी निवासियों को अपने नजदीकी डाकघर में जाकर भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण बीमा योजना का लाभ लेने का आग्रह किया है। इसमें सालाना मात्र 436 रूपये में 2 लाख रूपये का जीवन बीमा कवर मिल जाता है।

# राज्यपाल रमेन ने गरियाबंद के 2 गांवों को लिया गोद, समावेशी विकास की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/छुइया बेलर

### बिजली और मड़वाडीह गांवों में केंद्र-राज्य की योजनाओं का सैचुरेशन होगा सुनिश्चित

राज्यपाल रमेन डेका ने एक नई पहल करते हुए प्रदेश के तीन गांवों को गोद लेने का संकल्प लिया है। इसमें गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित ग्राम मड़वाडीह को गोद लेने के लिए चयन किया गया था। जिसमें अब पूरे बिजली पंचायत को गोद ग्राम में शामिल कर लिया गया है। अब दोनों गांव का समुचित विकास होगा। इस संबंध में गांव के विकास के लिए आज राज्यपाल श्री रमेन डेका ने राजिम रेस्ट हाउस में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने मड़वाडीह की मूलभूत जानकारी लेते हुए समुचित विकास के लिए बिजली गांव को भी गोद गांव में शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही इन गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशिप योजनाओं के सैचुरेशन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान ग्राम पंचायत बिजली की जनसंख्या सहित वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं विकास कार्य की आवश्यकताओं की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों के लिए आवास, पानी, विद्युत, आजीविका, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, कृषि एवं मूलभूत संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने विभिन्न योजनाओं के उपलब्धता का सर्वे कर ▶▶| शेष पेज 11 पर





### योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक ले रहे हैं राज्यपाल

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष अगस्त में नई दिल्ली में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में सभी राज्यपालों को प्रधानमंत्री फ्लेगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में प्रत्येक जिले के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी निर्देश के परिपालन में राज्यपाल श्री डेका लगातार प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर केन्द्र की फ्लेगशिप योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का फीडबैक ले रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने कुछ गांवों को आदर्श गांव की तर्ज पर विकसित करने का संकल्प लिया।

### रात भर जागकर चेन माऊंटेन मशीन सहित 9 हाइवा की हुई जब्ती

# राजिम में अवैध रेत उत्खनन पर भड़के विधायक प्रशासन को चेताया, कार्रवाई नहीं तो होगी जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम से लगे महानदी के घाटो में लगातार अवैध रेत उत्खनन को लेकर भड़के राजिम विधायक रोहित साहू ने प्रशासनिक एवं माइनिंग अधिकारियो को सख्त निर्देश देते हुए पुख्ता कार्रवाई करने के लिए कहा। विधायक श्री साहू ने राजिम विधानसभा क्षेत्र और जिले के अधिकारियो से साफ-साफ कहा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नाजायज काम नही होना चाहिए। अवैध रेत उत्खनन तो बिल्कुल न हो यदि शिकायत मिलती है तो इस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे।

माइनिंग अधिकारी को फटकारते हुए कहा कि नदी से लगातार रेत चोरी हो रहा है और ये गरियाबंद में आराम फरमा रहे है। क्या इन्हें नही मालूम कि राजिम से लगे हुए घाटो में लगातार अवैध रेत उत्खनन हो रहा है? आखिर माइनिंग अधिकारी का काम क्या है? विधायक श्री साहू ने कहा कि नाजायज काम को वे कतई बर्दास्त नही करेंगे। यदि अधिकारी हीलाहवाला करेगा तो उन्ही के ऊपर कार्रवाई कराने के लिए हम बाध्य हो जाएंगे। जुआं,सट्टा,अवैध शराब बिक्री,गांजा पर भी सख्त कार्रवाई करने के लिए उन्होने पुलिस अफसरो से कहा है।

**खास बातें**

- विधायक ने माइनिंग अधिकारियों को लगाई फटकार, कहा जिम्मेदारी से निभाएं दायित्व
- बकली घाट में कार्रवाई, मशीन और हाइवा जब्त; लेकिन अधिकारियों की सूचनात्मक चुप्पी बनी संदेह का कारण
- विधायक के भड़कने के बाद छापा मारने पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार और माइनिंग अधिकारी








### फटकार पड़ते ही हरकत में आया प्रशासन

विधायक के कड़े रूख को देखते हुए मंगलवार को एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी और गरियाबंद के माइनिंग अधिकारी रोहित साहू राजिम के बकली घाट पहुंचकर कार्रवाई करने के लिए मजबूर हुए। इस कार्रवाई में एक चैन माऊंटेन मशीन और 9 हाइवा जप्त किए जाने की जानकारी राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने दी।

### धड़ल्ले से बढ़ गया अवैध रेत उत्खनन

बता दें कि बकली में अवैध उत्खनन की लगातार शिकायत सामने आ रही थी। राजिम में जनचर्चा है कि जब से गरियाबंद जिले में नया माइनिंग अधिकारी के रूप में रोहित साहू आए है तब से अवैध रेत उत्खनन का काम धड़ल्ले से बढ़ गया है। अवैध रेत उत्खनन के साथ ही ओवरलोड हाइवा और जगह-जगह डंप किए जाने की शिकायत भी लगातार सामने आ रही है। उल्लेखनीय है कि विधायक के कड़े रूख को देखते हुए आगे अब अवैध रेत उत्खनन के काम पर रोक लग जाएगा।

## हाथियों का दल पहुंचा उदंती के अमली क्षेत्र के जंगल में



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र इंदागांव अन्तर्गत पहाड़ी इलाके के गांव अमली के आसपास पिछले एक सप्ताह से हाथियों के दल ने डेरा डाला है। पहली बार है जब हाथियों के दल अमली गांव के जंगल में ठहर गया है। कुलाप दल के नाम से जाने जाना वाला इस हाथी के दल में सात से आठ हाथी बताया जा रहे है जो दिनभर गांव के नजदीक पहाड़ी टीला में डेरा डाले हैं और उनके चिंघाड़ की अवाज गांव तक पहुंच रही है।

- वन विभाग लगातार मुनादी कर लोगों को कर रहा सचेत
- कुलाप दल में शामिल हैं सात से आठ हाथी

वन विभाग द्वारा बकायदा हाथी प्रभावित ग्राम अमली बंजारी बाहरा इंदागांव कोयबा उदंती बम्हनीझोला, खासरपानी, कुरूभाठा, जांगड़ा,पयलीखंड क्षेत्र में लोगों को मुनादी कर इसकी सूचना देकर सचेत किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जंगल के तरफ अकेले नहीं जाने की अपील की जा रही है। हाथी मित्रदल के साथ वनविभाग से गंगाराम ठाकुर, अजय जगने, रिंकी जोशी, रोहित निशाद, मनीराम यादव, अर्जून नागेश, मनोहर, भगत यादव, भीमेश्वर सिन्हा, आशिश कश्यप, रूपसिंह नायक द्वारा लोगों को हाथी प्रभावित क्षेत्रे में ▶▶| शेष पेज 11 पर

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**फिंगेश्वर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद द्वारा जिले के चार विकासखंडों में विभिन्न खेलों का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 6 मई से 4 जून तक आयोजित किया जा रहा था। प्रशिक्षण खेल अधिकारी नवीन कुमार भगत डिप्टी कलेक्टर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमे कार्यालय के नंदकुमार बांधे का भी विशेष सहयोग रहा।

- 6 मई से 4 जून तक चार विकासखंडों में लगा
- शिविर में कुल 66 प्रशिक्षु ने लिया भाग

विकासखंड फिंगेश्वर में तीन जगह विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिए जा रहे थे। राजीवलोचन कॉलेज में एथलेटिक्स खेलों का प्रशिक्षण प्रेम सिंह नागेश शिक्षक,जामगांव में खो–खो खेल का प्रशिक्षण व्यायाम शिक्षक बुधलाल नेगी एवं हायर सेकंडरी स्कूल खेल के मैदान कौंदकेरा में तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण प्रशिक्षक हरिश्चंद्र निषाद व्यायाम शिक्षक द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षण में कुल 66 प्रशिक्षु ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के संयोजक दुष्यंत कुमार वर्मा व्याख्याता रहे। अंत में संस्था प्रमुख एम.आर.रात्रे ने सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी हैं।



**इन्होंने लिया भाग :** जिसमें बालक वर्ग में मिथिलेश कुमार ,लोचन साहू, ड्रोन कुमार साहू, ▶▶| शेष पेज 11 पर

## दो गुंडे जिला बदर, तीन निगरानी बदमाश सूची में शामिल

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर पुलिस द्वारा असामाजिक लोगो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए 3 अपराधियो को गुंडा बदमाश एवं निगरानी बदमाश की सूचि मे लाते हुए 2 गुंडे बदमाश को जिला बदर किया गया। पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेजा के निर्देशन मे जिला पुलिस गरियाबंद द्वारा आसामाजिक तत्वों के विरूद्ध अपराधों की रोकथाम करने एवं अपराधिक लोगो के गतिविधी पर अंकुश लगाने थाना फिंगेश्वर के गुंडा बदमाश तबरेज खान पिता करीम खान (29) निवासी फिंगेश्वर, शत्रुहन चंदेल पिता काशीराम चंदेल (37) ग्राम बासीन का लगातार अपराधिक गतिविधि मे संलिप्त होना एवं अपराधिक गतिविधियों मे अंकुश न लगने की स्थितियो मे दोना गुंडा बदमाशों को जिला बदर की ▶▶| शेष पेज 11 पर





## करलाझर नागेश के ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण की रची मिसाल, स्वेच्छा से छोड़ी 10 हेक्टेयर जंगल की भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

एक तरफ लगातार जंगल में अवैध कटाई के चलते तेजी से जंगल सिमटता जा रहा है जो पर्यावरण के साथ ही आने वाले समय में मानव जीवन के लिए बहुत बड़ी परेशानियों का सबब बनने जा रहा है वहीं जंगलो के भीतर अवैध अतिक्रमण बड़े-बड़े फैक्टरियां अवैध उत्खनन के चलते जंगल के साथ ही वन्य प्राणियों के सामने जीवन बचाने की सामत आ गई है। ऐसे समय में गरियाबंद जिले के उदंती अभ्यारण के भीतर करलाझर नागेश ग्राम में 10 हेक्टेयर जंगल जमीन के अतिक्रमण को ग्रामीणों ने जहां स्वेच्छा से एक वर्ष पहले छोड़ दिया और तो और यहां के निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीण पर्यावरण बचाव के लिए उस जमीन पर फलदार वृक्षो का रोपण कर एक मिशाल कायम किया है और यह फलदार वृक्ष अब बढ़ने लगी है।

- अवैध अतिक्रमण हटाकर लगाए 4000 फलदार वृक्ष, वन्यजीवों को भी मिलेगा लाभ

मिली जानकारी के अनुसार करलाझर नागेश के इस जमीन पर कभी घने जंगल हुआ करता था और धीरे-धीरे पेड़ की कटाई के साथ ही चारो तरफ अतिक्रमण का भेट चढ़ गया था जिसकी जानकारी उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने ग्रामीणों को ईशरो सेटेलाईट निकाल कर दिया तो ग्रामीणों ने स्वेच्छा से इस जमीन से अपना अतिक्रमण हटा लिया और तो और भव्य हरित कार्यक्रम के अभियान के तहत जुलाई 2024 को वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उपस्थिति में पूरे नागरिको ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया साथ ही ग्रामीणों ने ▶▶| शेष पेज 11 पर

### ग्रामीणों का सहयोग बेहद जरूरी: वन अफसर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया करलाझर नागेश में ग्रामीणों ने एक वर्ष पहले स्वयं सामने आकर 10 हेक्टेयर अतिक्रमण जमीन को जहां स्वेच्छा से छोड़ा वहीं उस जमीन पर बकायदा फलदार वृक्षो का प्लांटेशन भी किया गया है, जो एक मिसाल है। जंगल एवं वन्यप्राणियों को बचाने के लिए और उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए वहां उस क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों का सहयोग बेहद जरूरी है।

### राजकीय वृक्ष साल पर मंडरा रहा अस्तित्व का खतरा, साल दर साल सिमट रहा जंगल का दायरा

# राजकीय दर्जा मिलने के बावजूद सिकुड़ते जा रहे साल के जंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद साल को राजकीय वृक्ष का दर्जा दिया गया लेकिन साल वन का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है जो कि क्षेत्र के जंगल में निवास करने वाले ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय है। कभी गरियाबंद जिले का घने जंगल को साल का दीप कहा जाता था, लेकिन अब धीरे–धीरे यहां साल का जंगल का दायरा घटता जा रहा है।

- 500 साल तक जीवित रहने वाले यहां साल वृक्ष से आधा दर्जन से ज्यादा वनोपज प्राप्त करते है ग्रामीण

साल वृक्ष काफी महत्वपूर्ण वृक्ष माना जाता है, क्योंकि जिस क्षेत्र में साल की जंगल होती है वहां मौसम ठंडकता रहता है, साथ ही साल के जंगल वाले क्षेत्र में तापमान का पारा ज्यादा नहीं चढ़ता लगातार साल के जंगल कम होने के कारण अब वनांचल मैनपुर क्षेत्र में भी गर्मी की इन दिनों में तापमान का पारा बढ़ता जा रहा है। मैनपुर जैसे क्षेत्र में 44 डिग्री से ऊपर तापमान का पारा चढ़ चुका था, जो यह बताने के लिए काफी है कि क्षेत्र में तेज गति से साल की जंगल की कटाई हो रही है।



कहने को तो साल छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष है लेकिन इससे विकास में मदद नहीं मिल पाई है साल को क्षेत्र में सरई भी कहा जाता यह जंगल में निवास करने वाले लोगो के लिए पूजनीय वृक्ष है क्योंकि आधा दर्जन से ज्यादा उत्पादन इसी एक पेड़ से मिलते हैं विडंबना ही है कि साल दर साल कूप की कटाई, वनों में अतिक्रमण व अवैध कटाई की वजह से साल के जंगल अब धीरे धीरे खत्म हो रहे हैं। साल नैसर्गिक रूप से उगने वाला पेड़ है बीते दो दशक में साल के लाखों पेड़ काटे जा चुके हैं इसके बदले में रोपण का प्रयास किया जा रहा है पर रोपण की सफलता की दर कम है साल का वैज्ञानिक नाम शोरिया रोबस्टा है यह डिप्टेरोकापैसी कुल का सदस्य है।

**वनवासियों की जिंदगी से जुड़ा है साल :** करीब पांच सौ साल तक जीवित रहने वाला साल का वृक्ष वनवासियों की जिंदगी से जुड़ा है इससे इमारती व जलाऊ लकड़ी, साल का बीज, धूप, दोना–पत्तल बनाने के लिए उपयोगी पत्ते, दातून व कई तरह की औषधियां मिलती हैं साल वृक्ष के नीचे एक विशेष तरह का मशरूम मिलता है जिसे बोड़ा कहा जाता है इसकी सब्जी राजसी मानी जाती है और इन दिनो यह बोड़ा सब्जी का किलो 1000 रूपये का उपर बीक रहा है। यह इतना उपयोगी वृक्ष है कि जिस व्यक्ति की निजी भूमि पर यह होता है वह गौरवान्वित महसूस करता है।

### साल अनुसंधान खोलने की मांग

क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी छबी दीवान, प्रेमसाय जगत, रामकृष्ण ध्रुव,गेंदु यादव, नंदू पटेल, सीताराम पटेल, मनोज मरकाम ने बतया क्षेत्र में साल अनुसंधान केन्द्र खोला जाना जरूरी हैं। वनविभाग द्वारा साल का रोपण तो किया जा रहा है लेकिन जो सफलता मिलनी चाहिए नही मिल पाई है साथ ही जिस अनुपात में साल वृक्षो की कटाई हो रही है चाहे व कूप कंटींग हो या अवैध कटाई हो लगातार जंगल की आंधाधुन दोहन से इसक विपरित असर पड़ रहा है सरकार अभी तक साल वृक्ष को लेकर गंभीर नही है जब कि इसे राजकीय वृक्ष क दर्जा मिला है उन्होने कहा स्वयं साल की जंगल में इसकी वृक्ष बढ़ती है यदि सरकार इसकी अनुसंधान केन्द्र खोले तो नि"चत रूप से इसका लाभ मिलेगा।

खबर संक्षेप

### 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

**महासमुंद।** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। आयोजित परीक्षा परिणाम घोषित जिले वार सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि दावा आपत्ति के लिए अंतिम तिथि 10 जून 2025 निर्धारित की गई है। अंतिम तिथि के पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### खल्लारी मंडल का महामंत्री नियुक्त हुए ताराचंद

**महासमुंद।** संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भाजपा जिला संगठन के निर्देशन में खल्लारी मंडल में भाजपा खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पनुरिया द्वारा मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें ग्राम खल्लारी निवासी ताराचंद देवांगन एवं सुजीत साहू को भाजपा खल्लारी मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा जारी आदेश के अनुसार देवांगन की यह नियुक्ति उनके लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पण, सेवा भाव तथा सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है। वे पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में निरंतर सक्रिय रहे हैं और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। इस अवसर पर भाजपा खल्लारी मंडल, जिले के सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।



### शांत्रीबाई कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ


**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीए, बीएससी बायो, बीएससी कंप्यूटर साइंस, पीजीडीसीए और डीसीए में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया 24 जून 2025 से प्रारंभ हो चुका है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने बताया कि महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 के तहत 04 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम अंतर्गत बीए में 150, बीएससी बायो ग्रुप में 120, बीएससी कंप्यूटर साइंस में 30, डीसीए में 30 एवं पीजीडीसीए में 40 सीट निर्धारित है। महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही आवश्यक बात कहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से यह अपील की है कि छात्र-छात्राएं अपने पसंद के 07 कॉलेजों का चयन अवश्य करें। ताकि, भविष्य में अगर उनका नाम चयन किए गए महाविद्यालय में न आए तो दूसरे महाविद्यालय का विकल्प विद्यार्थियों के लिए हो। विगत वर्ष यह देखा गया है कि विद्यार्थी ज्यादातर एक-दो कॉलेज का चयन करते है और बाद में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने वाले इच्छुक छात्रों के लिए महाविद्यालय में निःशुल्क ऑनलाईन फार्म भरने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# रोजगार सृजन कार्यक्रम बना राजेंद्र के सपनों का आधार, शुरू किया सेंटरिंग प्लेट व्यवसाय

## 9.5 लाख की ऋण सहायता से शुरू किया व्यवसाय, अब अर्जित कर रहे नियमित आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी और प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिसमें एक निश्चित प्रतिशत तक अनुदान (सब्सिडी) भी प्रदान किया जाता है। इसी योजना के तहत महासमुंद विकासखंड के ग्राम खरोरा निवासी राजेंद्र चंद्राकर ने लाभ प्राप्त किया। चंद्राकर ने स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की है। शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने नौकरी की बजाय स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने का निश्चय किया, ताकि वे स्वावलंबी बन सकें। हालांकि, व्यवसाय की शुरुआत के लिए उनके पास आवश्यक पूंजी की कमी थी, जिससे उनका सपना साकार नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त हुई, जिसने उनके लिए एक नई राह खोल दी। इसी योजना का लाभ उठाने के उद्देश्य से चंद्राकर ने खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, जिला पंचायत महासमुंद से संपर्क किया। उन्होंने विभाग से योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जिसमें उन्हें योजना के अंतर्गत पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, अनुदान की सीमा, ऋण की शर्तें एवं व्यावसायिक गतिविधियों की सूची जैसी महत्वपूर्ण



जानकारियाँ दी गईं। विभाग की मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार चंद्राकर ने निर्धारित प्रारूप में अपना ऋण प्रकरण तैयार कर आवेदन जमा किया। उनका ऋण आवेदन खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा औपचारिक रूप से पंजाब नेशनल बैंक महासमुंद शाखा को अग्रेषित किया गया। बैंक द्वारा राजेंद्र के ऋण प्रकरण की विधिवत समीक्षा एवं मूल्यांकन के पश्चात उन्हें 9,50,000 की ऋण सहायता स्वीकृत की गई। इस आर्थिक सहायता का उपयोग करते हुए राजेंद्र ने निर्माण कार्यों में उपयोग आने वाली लकड़ी की सेंट्रिंग प्लेटों की खरीदारी की। उन्होंने इन प्लेटों को स्थानीय शासकीय निर्माण कार्यों तथा निजी ठेकेदारों को किराये पर देना प्रारंभ किया। वर्तमान में वे प्रति फीट 05 रुपए की दर से सेंट्रिंग प्लेटों को किराए पर उपलब्ध कराते हैं। इनका उपयोग शासकीय भवन निर्माण तथा निजी निर्माण कार्यों में किया जाता है। सस्ती और सुलभ दरों के कारण इनकी मांग लगातार बनी हुई है, जिससे राजेंद्र को नियमित आय प्राप्त हो रही है और उनका व्यवसाय धीरे-धीरे सफलतापूर्वक विस्तार की ओर अग्रसर है। वर्तमान में चंद्राकर इस केंद्र के माध्यम से प्रतिमाह लगभग 30 से 35 हजार की आय अर्जित कर रहे हैं। साथ ही वे ऋण की मासिक किश्तों का समय पर और नियमित रूप से भुगतान कर रहे हैं। जिससे उनकी वित्तीय साख भी मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से चंद्राकर न केवल अपनी आजीविका चला रहे हैं, बल्कि समाज में सम्मानजनक जीवन भी व्यतीत कर रहे हैं।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान बड़ेटेमरी में लगा कृषक चौपाल

**5 जून को झलप, छिलपावन, बुन्देली, कोल्दा, जोगनीपाली एवं पाटसेंद्री में लगेगी कृषि चौपाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के ग्राम बड़ेटेमरी में विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से अवगत कराना है।

इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, ड्रोन तकनीक, कृषि यंत्रीकरण तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा खरीफ सीजन की विशेष तैयारी और फसल विविधीकरण के तरीके किसानों को सिखाए गए तथा उत्पादकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान मोर गांव मोर पानी अभियान की जानकारी दी गई तथा सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ेटेमरी के सरपंच एवं उपसरपंच, उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ. अनुराग तोमर, कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद के डॉ. कुणाल चंद्राकर, आईसीएआर डॉ. श्रीधर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी विवेक पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, उन्नत कृषक, ग्राम पंचायत सदस्य एवं कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और उन्नत कृषकों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए, जिससे स्थानीय किसानों को अपने जैसे साथियों से प्रेरणा मिली। इस अभियान के माध्यम से जिले के किसानों को कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थायी विकास के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे कृषि उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ किसानों की आय में भी सुधार हो सके। उल्लेखनीय है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गुरूवार 05 जून को महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायत झलप, छिलपावन, पिथौरा अंतर्गत बुन्देली, कोल्दा व सरायपाली अंतर्गत जोगनीपाली एवं पाटसेंद्री में चौपाल का आयोजन होगा। इसी तरह शुक्रवार 06 जून को महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत कौंवाझर, भोरिंग, पिथौरा के ग्राम सुखीपाली, बढ़ईपाली एवं बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बंसुलाडरी एवं साल्हेभाठा में, शनिवार 07 जून को बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कमरौद, बोडराबांधा, पिथौरा अंतर्गत ग्राम पथरला, बम्हनी एवं बसना अंतर्गत ग्राम बाराडोली व चनाट में, 09 जून को बागबाहरा के ग्राम पंचायत कोमा, दाबपाली, पिथौरा के पेंड्रावन, सलडीह व बसना अंतर्गत बड़ेसाजापाली, लंबर में, 10 जून को बागबाहरा विकासखंड के तहत ग्राम पंचायत कोमाखान व बसना विकासखंड के ग्राम पंचायत परकोम, रोहिना, भंवरपुर भूकेल व ठूठापाली में, 11 जून को बागबाहरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनगासेर, मोंगरापाली स, बसना अंतर्गत बरौली, बंसुला, बड़ेडाभा व चिमरकेल तथा 12 जून को बागबाहरा विकासखंड के क्लस्टर ग्राम पंचायत खोपली, बागबाहरा कला, बीकेबाहरा, पतेरापाली एवं महासमुंद विकासखंड अंतर्गत बेमचा व बम्हनी में चौपाल का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा।

# नए सत्र 16 से, हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीआरसी भवन महासमुंद में निरीक्षण के लिए पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने जनपद पंचायत महासमुंद में चल



रही जनप्रतिनिधियों की बैठक में विशेष रूप से उपस्थित होकर विकासखंड महासमुंद के समस्त जनपद सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रेरणापूर्वक संबोधित किया। बीईओ लहरे ने कहा कि 16 जून 2025 से प्रदेशभर के सभी विद्यालयों का नया सत्र प्रारंभ हो रहा है, और उसी दिन से शाला प्रवेश उत्सव भी पूरे हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि आप जब विद्यालयों में बच्चों के बीच पहुंचेंगे, तो बच्चों का मनोबल और माता-पिता का विश्वास बढ़ेगा। शिक्षा सिर्फ सरकारी दायित्व नहीं, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### विद्यालयों की तैयारी और आवश्यक दिशा-निर्देश

विद्यालय खुलते ही छात्रों को पाठ्य पुस्तकें, गणवेश एवं मध्यान्ह भोजन समय पर प्राप्त हो – इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। विद्यालयों में छोटे-मोटे मरम्मत कार्य, रंग-रोगन, शौचालय-किचन शेड की सफाई आदि के लिए विद्यालयों को शाला अनुदान की आधी राशि पूर्व में प्रदान कर दी गई है। संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे शाला खुलने से पूर्व टाइम-टेबल और पाठ्यक्रम विभाजन तैयार कर लें, ताकि पहले दिन से ही पढ़ाई प्रभावी ढंग से प्रारंभ हो सके।

### समुदाय की भागीदारी शिक्षा का आधार

जिला शिक्षा अधिकारी ने दोहराया कि एक सशक्त विद्यालय वही होता है, जहाँ पालक, शिक्षक और समाज मिलकर बच्चों का भविष्य संवारते हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को विद्यालयों के शाला प्रवेश उत्सव में विशेष रूप से आमंत्रित किया और यह संकल्प दोहराया कि शिक्षा के इस पावन यज्ञ में आपकी सहभागिता बच्चों के जीवन को नई दिशा दे सकती है। इस अवसर पर जनपद पंचायत महासमुंद के अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा एवं जनपद सदस्यों की उपस्थिति रही।

### कमार डेरा में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए एसडीएम ने किया स्थल निरीक्षण, शीघ्र शुरू होगा सड़क निर्माण कार्य

**महासमुंद।** विकासखंड बागबाहरा के ग्राम तमोरा स्थित कमार डेरा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश कुमार साहू द्वारा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों की समीक्षा के लिए निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सड़क, आवास, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान साहू ने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर कमार डेरा तक प्रस्तावित सड़क निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामवासियों द्वारा बताए गए अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से सभी समस्याओं का समाधान निकालते हुए सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आवास, पेयजल, विद्युत और अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। अधिकारियों को मौके पर मौजूद रहकर कार्य की नियमित निगरानी करने और निर्धारित समय-सीमा में विकास कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# डांस प्रतियोगिता में बड़ेसाजापाली डांस ग्रुप ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

सनातन नवनिर्माण युवा समिति ग्राम परकोम के तत्वावधान में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छग व ओडिशा की टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल ने की। विशिष्ठ अतिथि जनपद सदस्य लोचन



पटेल, दुबे लाल साहू, नितिन जैन, लेखमणि पटेल, किरन यदु, योगेश चंद्राकर, राजेश ठाकुर, यादराम सिन्हा, परमेश्वर सोनवानी, परमेश्वर पटेल, खिलावन यादव रहे। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा छग महतारी व मां सरस्वती की छाया चित्र के समक्ष पूजा अर्चन व नारियल तोड़ किया गया।

इसके बाद अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं व गुलाल चंदन बंदन से किया। इस प्रतियोगिता में सुदूर अंचल से आए हुए प्रतिभागियों ने वेशभूषा धारणकर नृत्य की शानदार प्रस्तुति एवं उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया, जिसमें दर्शको का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मंच मंचस्थ अतिथियों द्वारा प्रतिभावन छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कृत किया गया।

ग्रुप डांस मे पहला स्थान हमर छग बडेसाजापाली 10001 रुपये दूसरा स्थान आर एन डांस ग्रुप सम्हर को 7001 रही तीसरा पुष्पाजंलि डांस ग्रुप 4001 रुपए . आमानारा ओडिशा एवं यगरबाय डांस ग्रुप चौथे स्थान पर 2001 रुपये इस प्रकार युगल डांस मे करिना शेखर पहला ईनाम 3 हजार दूसरा कौशल लक्ष्मी 2001 रुपए तीसरा अज्जू गज्जू को 1501 रुपये एवं चौथा छोटा एवन 700 रुपये इस तरह एकल डांस मे पहला काजल सेन 2001 रुपये दूसरा परि यादव 1501 रुपए तीसरा जीवन साहू 1001 रुपए एवं चौथा सुरज निषाद 501 रुपये इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

# निगम अध्यक्ष ने इमलीभाठा में किया चावल उत्सव का शुभारंभ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा बरसात के मौसम में राशन कार्डधारी हितग्राहियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बरसात पूर्व जून, जुलाई एवं अगस्त सहित तीन माह का चावल एक मुश्त दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में स्थानीय इमलीभाठा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में मुख्य अतिथि बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर (कैबिनेट मंत्री दर्जा छग शासन) की उपस्थिति में राशन कार्डधारी हितग्राहियों को तीन माह का एक मुश्त चावल वितरण प्रारंभ किया गया। बीपीएल तथा एपीएल राशन कार्डधारी



हितग्राहियों को चावल प्रदान करते मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि एकमुश्त चावल मिलने से राशन कार्ड में मिल रहे चावल के भरोसे जीवन यापन कर रहे कई राशन कार्डधारी गरीब महिलाओं के चेहरों पर खुशी की लकीर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। शासन के इस योजना से गरीबों के चिंता का समाधान हुआ है। उन्होंने सेल्समैन को समय पर दुकान खोलने तथा तय मात्रा में राशन वितरण पारदर्शी पूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चावल के साथ शक्कर भी एकमुश्त मिलना है, सभी हितग्राहियों को इसका लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीब वर्ग के लोगों की चिंता कर रही है, सुशासन की सरकार में योजनाओं का अग्रिम लाभ हितग्राहियों को मिलने से प्रदेश के जनता खुशहाल हो रहे हैं। चावल वितरण के दौरान प्रमुख रूप से वार्ड 3 के पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, वार्ड 10 से माखन पटेल एवं हितग्राहीगण उपस्थित थे।

# स्कूलों को प्राप्त पाठ्य पुस्तकों की स्थिति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड के शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों को प्राप्त पाठ्य पुस्तकों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने बुधवार को डीईओ विजय कुमार लहरे बीआरसी कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने की तथा संबंधित अधिकारियों एवं प्राचार्यों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

वर्तमान में कक्षा नवमीं एवं दसवीं की पाठ्य पुस्तकें पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो से प्राप्त हुई हैं, जिनका मिलान कार्य विद्यालयों में प्राचार्यगण द्वारा अपने कर्मचारियों के माध्यम से किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा विकसित नई टीबीसी-सीजी ऐप में पुस्तक की जानकारी की प्रविष्टि (एंट्री), वेरिफिकेशन एवं बारकोड स्कैनिंग की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।

डीईओ लहरे ने सभी प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जैसे ही पाठ्यपुस्तकें विद्यालय मंव प्राप्त होती हैं, टीबीसी-सीजी ऐप में तत्काल उनकी ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित की जाए। 16 जून को विद्यालय खुलने के उपरांत विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर एक उत्सवमय वातावरण में छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया जाए।

इस निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, सीएसी सतीश तिवारी, ग्रंथपाल हायर सेकेंडरी शेर दीपक शर्मा, लेखापाल रेणु चंद्राकर, कंप्यूटर आपरेटर प्रवीण सोनकुंवर, केशव साहू, भुनेश्वर साहू उपस्थित थे।

# लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से जरूरतमंदों को दी जा रही विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नालसा तथा सालसा के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम में पदस्थ अधिवक्ता डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार पंडा सहित असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल जितेंद्र कुमार साहू और ईश्वरीय निषाद द्वारा बेमचा स्थित जिला जेल पहुचंकर अभिरक्षाधीन बंदियों को लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से दी जा रही निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विदित हो कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के योजना के अनुपालन तथा प्रावधानित निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है। जिसमें काउंसिल अधिवकता नियुक्ति कर निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिला जेल महासमुंद में आयोजित शिविर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, एक ऐसा कानूनी सहायता कार्यक्रम है, जो गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त में कानूनी सहायता प्रदान करता है। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो अपनी रक्षा के लिए उचित कानूनी प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते हैं। यह एक ऐसा तंत्र है जो जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करता है, जिसमें कानूनी सलाह, मुकदमे में प्रतिनिधित्व और अन्य कानूनी सेवाएं शामिल हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि कोई भी व्यक्ति अपनी आर्थिक स्थिति के कारण न्याय से वंचित ना रहे।



# ट्रैक्टर चालक की गुंडागर्दी, साइड मांगने पर बाइक चालक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

कोलियारी-अमेठी मार्ग से अपने घर लौट रहे बाइक चालक ने आगे जा रहे ट्रैक्टर को हार्न बजाकर साइड मांगा। ट्रैक्टर चालक ने साइड देने की बजाय गुण्डागर्दी करते हुए बाइक चालक से मारपीट कर उसे घायल कर दिया है।

रेत परिवहन में लगे ट्रैक्टर चालकों की लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व छोटे वाहन चालकों से दादागिरी करने की शिकायते सामने आती रहती है। कुछ इसी तरह की घटना मंगलवार की दोपहर कोलियारी-अमेठी मार्ग पर सामने आई है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा निवासी हरिओम साहू पिता विष्णुराम उम्र 45 वर्ष सुपरवाइजर का काम करता है। मंगलवार को हरिओम अपनी बाइक से साथी अशोक साहू के साथ आयल खरीदने बाम्बे गैरेज धमतरी आया था। दुकान से आयल खरीदने के बाद दोपहर में दोनों बाइक से कोलियारी-अमेठी होते हुए अपने घर खरेंगा जा रहे थे। दोनों कानीडबरी के पास स्थित आदि सेवा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर रेत भरने अमेठी की ओर जा रहा था।



# अमले की कमी के चलते रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई नहीं

## अवैध खदानों में निर्बाध जारी है उत्खनन, अफसरों का हो रहा पीछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेत के अवैध भंडारण और यहां पर बिना पीट पास के जुटाई गई रेत को लेकर अब तक कोई प्रशासनिक कार्रवाई सामने नही आई है। महानदी के तटीय इलाकों में वैध रेत भंडारण कर्ताओं ने तो केवल क्षमता से अधिक भंडारण किया है। लेकिन, अवैध रेत भंडारण करने वालों ने तो चोरी से बिना पीट पास चुकाए रेत इकठ्टा की और सप्ताह भर बाद रेत के दाम बढ़ते ही इसकी बिक्री में जुट जाएंगे।

हालांकि विभाग द्वारा अवैध रेत भंडारणकर्ताओं और उनके खेतों के नक्शा खसरा की जानकारी जुटाई जा रही है। लेकिन, सुशासन तिहार के चलते पटवारियों से यह डाटा भी नही मिल पाया है। इसके कारण अवैध भंडारणकर्ताओं के खिलाफ होने वाली कार्रवाई में विलंब हो रहा है। जिसके कारण लोगों के लिए रेत आगामी दिनों में काफी कीमती होने वाला है।

### अमले की कमी बन रहा कारण

जिले में वैध खदानों के अलावा दर्जनों अवैध खदानें संचालित की जा रही है। चोरी छिपे रेत चोर लगातार राजस्व की हानि पहुंचा रहे हैं। वहीं अमले की कमी भी इस प्रशासनिक कमजोरी का कारण मानी जा रही है। जिले में केवल दो अधिकारी और एक गाड़ी के भरोसे इन खदानों में चोरों को रोकने का जिम्मा है उसमें भी कभी न्यायालयीन तो कभी किसी आपात स्थिति के चलते अफसरों को बाहर जाना हो तो ऐसे में रेत चोरों की चांदी हो जाती है।


हरिभूमि
जहां अवैध रेत भंडारित, वहां के जमीन मालिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

### खननकर्ताओं ने लगाए मुखबिर

सूत्र बताते हैं कि छापामार कार्रवाई के लिए अफसरों के वाहन के निकलने के साथ ही कलेक्टोरेट और अफसरों के घरों के सामने तैनात मुखबिर रेत घाटों में अवैध निकासी करने वालों को सूचना दे देते है। अफसरों के घाट तक पहुंचने का समय इनके लिए पर्याप्त होता है। वहीं अफसरों के वाहनों का पीछा भी रेत चोरों के गुर्गे करते हैं और अफसरों के आफिस अथवा घर पहुंचने पीछा होता है ताकि, तसल्ली से पुनः रेत घाटों में मशीनों को उतारा जा सके।

### आवाजाही पर रखी जाती है नजरः योगेंद्र

खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने हरिभूमि की इस पड़ताल की पुष्टि करते हुए कहा है कि हमारे निकलने से लेकर आवाजाही तक के लिए बकायदा तैनाती होती है। कई कार्रवाई बाईक में या अन्य वाहन में जाने के चलते की गई है। अवैध रेत घाट में काफी खतरा होता है, इसलिए कई बार मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस बल की भी मदद ली जाती है।

## खबर संक्षेप

### महिला के पास से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम झालपाली में एक महिला के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम झालपाली में शशिरेखा साहू पति स्व. मानसाय साहू नाम की महिला अपने घर बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री के लिए रखकर ग्राहक का इंतजार कर रही है, सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करीब 4.5 लीटर कीमत 900 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### मकान के छज्जे को लेकर भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** मकान के छज्जे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट कर दी। पटेवा पुलिस को प्रार्थी संतराम धीवर निवासी कमार डेरा ग्राम जोरातराई ने बताया कि 2 जून को उसके भाई भूषण धीवर ने उसके घर के छज्जा को बिना पूछे तोड़ दिया था। शाम करीबन 7 बजे जब उसने इसे लेकर पूछताछ की तो आरोपी भूषण धीवर, नारायण धीवर, हीरासिंग धीवर ने हमारे घर की ओर छज्जा क्यों निकाले हो कहते हुए गाली गलौज कर और डंडे से मारपीट कर दी। मामले में पटेवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर आज निकलेगी साइकिल रैली

**महासमुंद।** 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। साइकिल रैली वनमंडल कार्यालय बीटीआई रोड से प्रातः 8 बजे स्वामी आत्मानंद विद्यालय तुमाडबरी तक जाएगी। वन विभाग द्वारा साइकिल रैली एवं पौधरोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### बस पलटने और स्कॉर्पियो के ट्रैक्टर में घुसने से 1-1 मृत

**महासमुंद।** सरायपाली से सारंगढ़ जा रही तेज रफ्तार बस मंगलवार को नवरंगपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार एक यात्री की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आधे दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दुर्घटना के बाद से फरार बस चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 125 (बी), बीएनएस-106(1) के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार दुबे ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0441 करीब 45 यात्रियों को लेकर सरायपाली से सारंगढ़ जा रही थी। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े नौ बजे ग्राम नवरंगपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में दबने से रामभाता थाना डबरा, जिला सक्ती निवासी खीकराम जायसवाल (65) की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बस में दबने से ग्राम भटोरा निवासी भुरडु चौहान (52), गुड़ीपाली निवासी प्रीति (21), चक्रधर नगर रायगढ़ निवासी गुलवारी यादव (57), धुआभांठा निवासी रंजिता ( 21), भोलेसरा निवासी कुमारी अश्वनी मांझी (16) गंभीर रुप से घायल हो गए।

## पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओ की मांग

# बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू जिपं सदस्य संजय और लोकेश्वरी कर रहे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- स्थानीय अफसरो ने भूख हड़ताल समाप्त करने कई बार किया निवेदन लेकिन नही हुए टस के मस

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, पुल–पुलिया बुनियादी सुविधाओ की मांग को लेकर लम्बे समय से आन्दोलनरत है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नही हुआ। जिस पर जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य संजय नेताम तथा जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम पिछले दिनों राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौपकर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर 4 जून से मैनपुर नगर में भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी थी और अब तक मांग पूरा नही होने पर आज बुधवार को सुबह पूजा अर्चना कर एसडीएम कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर जिला पंचायत सदस्य द्वय संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम ने भूख हड़ताल प्रारंभ किया।

इस दौरान भूख हड़ताल लगते ही एसडीएम मैनपुर पंकज डाहिरे एवं एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने भूख हड़ताल स्थल पहुचकर समस्याओं का समाधान करने की आश्वासन के साथ ही भूख हड़ताल समाप्त करने की बात कही, लेकिन भूख हड़ताल कर रहे जिला पंचायत सदस्यों ने कहा जब तक समस्याओं का समाधान नही किया जायेगा तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगा देर शाम समाचार लिखे जाने तक भूख हड़ताल जारी है और अफसरो द्वारा उन्हे समझाने की कोशिश किया जा रहा है।



### बिजली के लिए तरस रहे लोग : लोकेश्वरी

भूख हड़ताल में बैठे जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा हमारे इस क्षेत्र की धरती के नीचे अपार खनीज सम्पदा हीरा अलेक्जेंडर दबा हुआ है बावजूद इसके उपर निवास करने वाले लोग मूलभूत समस्याओं को जुझ रहे है आज तक आजादी के 77 वर्षो पश्चात गांवों में बिजली की रौशनी नही पहुंची है कई गांव के उपर से बिजली की तार गया है लेकिन नीचे निवास करने वाले लोग अंधेरे में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे है।

### नदी में पुल–पुलिया नही होने से जान जोखिम में डाल कर आना जाना करते है ग्रामीणः संजय

भूख हड़ताल में बैठे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा हमारे क्षेत्र के नदी नालो में पुल–पुलिया निर्माण नही होने के कारण बारिश के दिनो में ग्रामीण व छात्र जान जोखिम में डालकर आना–जाना करने मजबूर होते है अस्पतालो में डॉक्टर नहीं है, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, कई झोपड़ियों में स्कूल का संचालन किया जा रहा है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्रताप सिंह मरकाम, सरपंच गज्जू नेग, लोकेश साण्डे, लोकेश्वरी साण्डे, आहमद बैक, हरिश्वर पटेल, गुंजेश कपिल, रूखन लाल नागेश मोतीराम सोरी, सुघंद राम, बनंसी लाल, पारे"वर नेताम,गगन नेगी, सोपसिंह, पीलाराम, बालचंद, नागेश, लिकेश नागे परसुराम ओटी, माधुरी, बुधियाबाई नेताम, सुकबती नेताम, धनबती सोरी, राजकुमारी, असगर खान, दुलेन्त्रद्र नेगी विष्णु निशाद, भुने"वर नागेश, गुमान सिंह कपिल, सियाराम ठाकुर, रामभरोसा, पवन जगत, विरेन्द्र राजपूत, खेलन दिवान, टीकम मरकाम, विजय मरकाम, दिनेश नेताम, रामदेव नेताम, अमरूराम नेताम, गौतम मंडावी, पतंग मंडावी, गुलशन मरकाम, पुरन मेश्राम, जैतराम मरकाम, तनवीर राजपूत, दुष्यनत नागेश जानकी जगत, रेवती यादव, रोहन मरकाम, लालसिंह ध्रुव एंव बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रमीण उपस्थित थे।

# केंद्र द्वारा तय समर्थन मूल्य में 69 रुपए की वृद्धि अपर्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला





- कांग्रेस नेताओं ने कहा : 3400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जाए

केंद्र सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य में मात्र 69 रुपए की वृद्धि को अपर्याप्त बताते हुए कांग्रेस के जिला महामंत्री डॉ चिराग अली, ब्लॉक महामंत्री लोकराम यादव ने कहा कि किसानों के हक में डकैती डालना बंद कर एमएसपी में 917 रुपए बोनस की राशि को जोड़कर 3400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जाए। राज्य की भाजपानीत साय सरकार पिछले साल धान के एमएसपी में 5.36 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। 2183 रुपए से 117 रुपए बढ़ते हुए 2300 रू. प्रति क्विंटल किया गया था। इस बार मात्र 3 प्रतिशत ?, जबकि मंहगाई वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत। 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने और सी 2 फामूर्ले से लागत पर 50 प्रतिशत लाभ देने का वादा करके सत्ता में आई मोदी सरकार ने एक बार फिर किसानों को धोखा दिया है।

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस बार खरीफ सीजन 2025-26 के लिए मंजूर किए गए एमएसपी की घोषणा के अनुसार धान पर कुल वृद्धि 3 प्रतिशत मात्र है, 2300 से बढ़ाकर 2369 अर्थात 69 रू. प्रति क्विंटल की है। सी 2 फामूर्लेके अनुसार कृषि लागत में नकदी खर्च, खाद, बीज, पानी, रसायन मजूदरी के साथ ही गैर नकदी लागत के अलावा जमीन की लीज रेंट और उससे जुड़ी खर्च पर लगने वाले ब्याज की भी शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही साथ किसान परिवार के मेहनत के अनुमानित लागत को भी जोड़ा जाना चाहिए। लेकिन दुर्भावनापूर्वक लागत में इनमें से कई खर्चों को शामिल नहीं किया गया। न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि और बढ़ती मंहगाई के चलते धान के खेती में कृषि लागत में एक साल के दौरान औसत वृद्धि 8 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन किसान विरोधी मोदी सरकार ने एमएसपी में मात्र 3 प्रतिशत की ही वृद्धि की है जो किसानों के साथ अन्याय है। छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2023-24 में बोनस की राशि 917 रुपए प्रति क्विंटल थी, जो एमएसपी के अतिरिक्त धान के किसानों को मिल रहा था।

# नियमितीकरण, वेतन और आवास की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन




- दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने और ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग
- सफाई कर्मचारियों ने रैली निकालकर तहसीलदार को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** पालिका के सफाई कर्मचारियो ने संघ के अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के निकायो में शेष बचे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो को रिक्त पद पर अथवा पद नही होने पर पद स्वीकृत कर नियमितिकरण, ठेकेदारी प्रथा को बंद कर नगरीय निकायो में राशि के दुरूपयोग को रोकते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियो को कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान करने की बात कही है। साथ-साथ हरियाणा सरकार की तर्ज पर नियमित करने तथा वर्षो से एक ही पद पर कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियो की पदोन्नति, पुरानी पेंशन योजना लागू तथा छत्तीसगढ़ श्रमायुक्त के आदेशानुसार श्रमिको को 8 घंटा कार्य तथा एक दिन साप्ताहिक अवकाश व कुछ सफाई कर्मचारियो के पास स्वयं का आवास नही है इसलिए सफाई कर्मचारियो के लिए आवास कालोनियो का निर्माण किए जाने की मांग शामिल है। ज्ञापन देने के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी रैली के रूप में तहसील ऑफिस पहुंचे थे।

# 20 दिन पहले नौकरी पर लगी नर्स ने दुपट्टे से लगा ली फांसी किराए पर मकान लेकर निजी अस्पताल में करती थी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली के ओम हॉस्पिटल सरायपाली में कार्यरत युवती की कमरे में फंदे से झुलती लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना सोमवार शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। युवती उस दिन हॉस्पिटल में काम पर नहीं गई हुई थी। युवती करीब 20 दिन पूर्व ही हॉस्पिटल में नर्स की ड्यूटी में लगी थी। सरायपाली थाना प्रभारी शशांक पौराणिक ने बताया कि मृतका अंजलि पिता रतन साहू (23) ग्राम घेसपाली की रहने वाली थी, जो नगर के वार्ड नंबर 07 स्थित महलपारा में किराए के मकान में रहती थी। किराए के कमरे में उसके साथ उनकी एक अन्य सहेली भी रहती थी। सोमवार को युवती सुबह हास्पिटल काम में नहीं गई थी। जहां कमरे में दरवाजा में स्कार्फ की मदद से फांसी लगाकर जान दे दी।

युवती ने दरवाजे में स्कार्फ लगाने का फंदा लगाने के लिए गैस सिलेंडर का सहारा लिया था। शाम को जब उनकी सहेली काम से घर लौटी तो देखा तो कमरे अंदर से बंद था। उनकी सहेली ने इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधक को दी। अस्पताल प्रबंधक ने इसकी सूचना सरायपाली थाना में दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा। फिलहाल, युवती के आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है। पुलिस उनके सहेली व अन्य करीबियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

# क्रिकेट हमें अनुशासन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा की भावना सिखाता हैः साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- किरवई में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

किरवई में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत नंदनी साहू के प्रतिनिधि ओंकार साहू ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता निरंतर होना चाहिए। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और टीम वर्क को भी बढ़ावा देता है। यह खेल हमें अनुशासन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा की भावना सिखाता है।

क्रिकेट में सफलता प्राप्त करने के लिए, हमें कड़ी मेहनत, समर्पण और धैर्य की आवश्यकता होती है। हमें अपने कौशल को निरंतर विकसित करने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। क्रिकेट न केवल एक खेल है, बल्कि यह एक जीवनशैली भी है जो हमें जीवन के उतार-चढ़ाव का सामना करने और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की सीख देता है। श्री साहू ने कहा कि क्रिकेट, एक ऐसा खेल है जो हमारे जीवन को रोमांच और उत्साह से भर देता है। यह खेल न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि हमारी मानसिक दृढ़ता और टीम वर्क को भी बढ़ावा देता है।

सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों ने क्रिकेट को एक नए स्तर पर पहुंचाया है। क्रिकेट के मैदान पर, हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की महत्ता को समझते हैं। क्रिकेट की दुनिया में कई रोमांचक क्षण होते हैं। एक गेंदबाज की गेंद पर बल्लेबाज का चौका या छक्का मारना, एक विकेटकीपर का शानदार कैच लपकना, या एक खिलाड़ी का शतक बनाना ये सभी क्षण हमें रोमांचित कर देते हैं। क्रिकेट के माध्यम से, हम न केवल अपने खेल कौशल को विकसित करते हैं, बल्कि हम अपने चरित्र को भी मजबूत बनाते हैं।



यह खेल हमें जीवन के उतार-चढ़ाव का सामना करने और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की सीख देता है। पुरस्कार वितरण समारोह में सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू विशेष रूप से मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### राज्यपाल रमेन ने गरियाबंद के...

छूटे हुए हितग्राहियों से शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल के सचिव सी आर प्रसन्ना, कलेक्टर बी एस उईके, एसपी निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जी आर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद रहे।

**सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों का होगा विकास :** उन्होंने गांव में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों के विकास के लिए भी आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। के हेतु समुदाय को शामिल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय विकास की पहल की जाएगी। इसके लिए पृथक से कोई राशि का आबंटन नहीं किया जाएगा, बल्कि विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध राशि के समुचित उपयोग एवं निगरानी से ही यह कार्य किया जाएगा। गांवों को गोद लेने से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में 'मानव-केंद्रित' दृष्टिकोण के साथ गांवों के समावेशी विकास के उद्देश्य पर अधिक जोर दिया जा सकेगा।

### हाथियों का दल...

सावधानी बरतने के लिए अपील की जा रही है।

**ग्रामीण अकेले ना जाएं जंगलः वन परिक्षेत्र अधिकारी :** उदंती परिक्षेत्र दक्षिण के वनपरिक्षेत्र अधिकारी चन्दबली ध्रुव ने बताया हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से अमली गांव के आसपास डेरा जमाए हुए है। इसकी सूचना विभाग द्वारा लोगों को देकर सचेत किया जा रहा है। जंगल में अकेले नहीं जाने की अपील की जा रही है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण...

आयुष, चमन, कुणाल, लक्ष्मण साहू, ओम नारायण पुष्कर, गिरीश निषाद,जयप्रकाश साहू, भूपेंद्र साहू, कुलभूषण, युवराज, नूतन साहू, सागर,सूर्यकांत वर्मा, दुर्गा प्रसाद, इत्यादि शामिल हुए। इसी प्रकार बालिका वर्ग में ईशा,रामेश्वरी साहू ,प्रेरणा,जिज्ञासा धुरव,दिगेश्वररी साहू, टाकेश्वरी, चांदनी निषाद, भारती, तोमेश्वरी, रोशनी,त्रिवेणी,डिगेश्वर, झरना, किरण,भूमिका,शैल कुमारी, इंदु सेन,यशोदा साहू,रामेश्वरी,पायल,हिना,तनु घोगरे धनाक्षी,पलक,एकता लूकेश्वरी,कविता ध्रुव आदि ने भाग लिया।

### दो गुंडे जिला बदर, तीन...

कार्यवाही पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के निर्देशन मे किया गया। वहीं पर फिंगेश्वर क्षेत्र के अंर्तगत 3 गुंडा एवं निगरानी बदमाश मंशाराम भगत पिता विशाल निशाद (46) वर्श ग्राम पसौद, परमेश्वर साहू पिता डीहूराम साहू (33) ग्राम फुलझर, जगेश्वर निशाद पिता ओंकार निशाद (22) ग्राम बोरसी को गुडा एवं बदमाश की सूचि मे लाया गया।

### करलाझर नागेश के...

4000 फलदार वृक्षो का रोपण कर उसे बचाने का संकल्प लिया साथ ही टाईगर रिजर्व में फलदार वृक्षो के रोपण से मानव एवं वन्य प्राणी द्वंद को कम करने की कोशिश की जा रही है साथ ही ग्रामीणों के द्वारा लगातार इस फलदार वृक्षो का देखरेख किया जा रहा है।

**इन्होंने किया अभियान का स्वागत :** इस दौरान ग्राम प्रमुख अर्जून नायक, रूपसिंह मरकाम, करण सिंह नाग, पुनीत नाग, बेलदार नाग, ताराचंद नाग, शैलुराम, धनीराम, सदन नायक, खोलबाहरा, रतिराम, डमरू, लखन, गणेश द्वारा इस अभियान का स्वागत किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. ....अ-2/2024-2025**
**ग्राम मैनपुरकला, तहसील-मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक प्रसाद पिता श्री बिन्देश्वरी प्रसाद, जाति बनिया, निवासी माण्डोपारा नांगुर, तहसील व जिला जगदलपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मैनपुरकला, प.ह.नं. 04, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 22 / 9 रकबा 0.0121 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा खसरा बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मैनपुर**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ..... अ-2/2024-2025
ग्राम मैनपुरकला, तहसील- मैनपुर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ओमप्रकाश गुप्ता पिता श्री राधिका प्रसाद, जाति बनिया, निवासी मैनपुरकला, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मैनपुरकला, प.ह.नं. 04. तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 22/8 रकबा 0.0142 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा खसरा बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मैनपुर**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ..... अ-2/2024-2025
ग्राम मैनपुरकला, तहसील- मैनपुर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोरखनाथ प्रसाद पिता श्री राधिका प्रसाद, जाति बनिया, निवासी ग्राम मैनपुरकला, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मैनपुरकला, प.ह.नं. 04, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 22/10 रकबा 0.0101 हे. भूमि को छ. ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मैनपुर**

न्यायालय तहसीलदार-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

**// उद्घोषणा / /**

रा.प्र.क्र./ /ब-121 / वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका नाथूराम वल्द पुरन सिंग जाति-कंवर ग्राम कोरासी प.ह.नं. 12 रा.नि.मं...... तहसील- छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने भाई गैंदलाल के जन्म प्रमाण पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नही कराने के कारण विलंबित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप-पंजीयक (जन्म-मृत्यु) को आदेशित करने बाबत (जन्म- मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म- मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र में अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था/ शासकीय/ अर्द्ध-शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 18/06/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । नियम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर
**तहसीलदार**
**छुरा**

# कांक्रीट के बीच खिला हरियाली का सपना, नवापारा में पर्यावरण प्रेमियों ने रचा ऑक्सीजोन

श्यामकिशोर शर्मा ▶▶| नवापारा-राजिम

भागदौड़ एवं आपाधापी भरी जिंदगी में प्रकृति की देन पेड़ पौधे बहुत सुकून देते है। प्राकृतिक दृश्य को देखने के लिए हर किसी का मन तरस जाता है। विकास के लिए पर्यावरण का विनाश किया जा रहा है। ऐसे में नगर के कुछ प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमियों ने अपने घर, लॉन, छत, कार्यालय में ही पेड़ पौधे लगाकर ऑक्सीजोन बना लिया है। कांक्रीट के शहर के बीच प्रकृति को मानो गोद में बैठा कर रखा हो।

नवापारा नगर के सदर रोड स्थित आईसेक्ट कंप्यूटर संस्थान के लगभग 2000 वर्गफुट स्थान पर भरपुर हरियाली है। पौधे गमले एवं जमीन पर लगाए गए है। देशी विदेशी किस्म के पौधे संस्थान की सुंदरता को बढ़ा देते है। संस्थान के संचालक बलराम देवांगन ने बताया कि 5-7 पौधे से शुरूआत किया था जो बागवानी में आज 300 से अधिक पौधे है। संस्थान के छात्रों एवं लोगो को 500 से अधिक फलदार एवं शो के पौधे उपहार में प्रदान किए जा चुके है। छात्रों के जन्मदिन, किसी विशेष समारोह में अतिथियों को पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रहे है।

**खास बातें**

- हरियाली लाने नवापारा में ऑफिस एवं छत को ही बना लिए आक्सीजोन
- आईसेक्ट संस्थान, शिक्षिका गोपेश्वरी साहू और समाजसेवी अंजू पारख ने घर, स्कूल और कार्यालय में हरियाली की मिसाल पेश की
- छात्रों को पौधे उपहार में देकर जागरूकता फैलाई, बगैर बाजार गए घरों में उगाई जा रही फल-सब्जियाँ



### 2 से 3 डिग्री कम रहता है तापमान

श्री देवांगन ने बताया कि गर्मी के दिनों में अन्य जगहों की तुलना में संस्थान का तापमान 2 से 3 डिग्री कम रहता है। सभी मौसम में आईसेक्ट का बागवानी फूलों से भरा रहता है। पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी आईसेक्ट संचालक के साथ-साथ शिक्षकों की रहती है। प्रतिदिन 1 घंटा समय निकालकर कंपोस्ट खाद, कटिंग एवं छटाई की जाती है। शहर के बीच स्थित आईसेक्ट संस्थान अंदर से बहुत ही मनोरम दिखाई देता है।

### छत में साल भर रहती है हरियाली

समाजसेवी एवं प्रकृति प्रेमी अंजू पारख ने गंज रोड स्थित अपने घर के 3500 वर्गफुट टैरिस में 500 से अधिक पौधे गमले एवं हैंगिंग पॉट्स में लगा कर रखा है। सामान्य पौधों के अतिरिक्त इनडोर एवं आउटडोर खास पौधों को लगाकर उसकी देखभाल करती है। अंजू पारख पौधों को आर्ट के रूप में सजाने एवं पौधों के लिए उपर्युक्त मिट्टी तैयार करने की विशेष महारत हासिल है। उनके टैरिस में साल भर हरियाली रहती है। अपने प्रयास से नवापारा में फूलों एवं पौधों की प्रदर्शनी लगा चुकी है। नगर के हरिहर स्कूल में लगाए गए पौधे में श्रीमती पारख का विशेष योगदान है। उनकी प्रेरणा से नगर के बहुत से घरों के टैरिस में लोगों ने पौधे लगाने शुरू किए है।

### छत पर बनाया शानदार बगीचा

इसी तरह नवापारा की शासकीय शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने घर के छत में शानदार बगीचा बना लिया है। अनुपयोगी एवं प्लास्टिक बैग में छोटे-छोटे पौधे तैयार करती है। छत पर बोनसाई, जेटप्लांट, अपराजिता, पाम जैसे दुर्लभ किस्म के पौधे तैयार कर लोगों को उपहार में देती है। पौधों को पोषित करने के लिए घर की खाली टंकी में कंपोस्ट तैयार करती है। अपने स्कूल के छात्रों को जन्मदिन एवं खास मौकों पर उपहार में पौधे प्रदान करती है। स्कूल के छात्रों को घरों के बाड़ी में लगाने के लिए बेल, मुनगा एवं नींबू के 500 पौधे प्रदान कर चुकी है। घर से लगे बाड़ी में अंजीर, अंगूर, शहतूत, पपीता, अनार, नींबू के पेड़ सीजन में फल देते है। श्रीमती साहू ने बताया कि हर सीजन के हिसाब से सब्जी लगाती है। पूरे वर्ष बाजार से सब्जी खरीदने की आवश्यकता नहीं होती। टमाटर, पालक, जरी, लालभाजी अभी लहलहा रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए गोपेश्वरी साहू का कार्य सराहनीय है।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में बरभांठा की दो छात्राओं का चयन




**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में बरभांठा की दो छात्रओं का चयन। मन में कुछ कर गुजरने की ललक हो तो असम्भव कुछ भी नहीं। कुछ यूं ही बरभांठा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं ने इस वर्ष आयोजित होने वाली राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा 2024–25 में चयनित हुई हैं। मीनाक्षी निषाद पिता दानसिग निषाद का प्रदेश में 8वां रैंक है। इसके अलावा प्रेरणा पिता भीनेश्वर ध्रुव को 39 वीं रैंक मिली है। बता दें इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 1000 रुपए की विशेष छात्रवृत्ति शासन की ओर से आगे उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाती है। पूरे छत्तीसगढ़ में 32825 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें से 2246 बच्चों का चयन हुआ है। दोनो छात्राओं ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, माता–पिता एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन को दिया है। शिक्षक सियाराम साहू,कमलेश्वर सोनकर,डुमेन्द्र साहू,मधु कुर्रे,दिनेश्वरी साहू, टोमन साहू, उषा गायकवाड़, विजय धुरव, नरेश साहू,गुलेन्द्र नन्दे शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी शोभित यादव, परमेश्वर विश्वकर्मा,सरपंच निर्मला पवन यदु,मोहिनी साहू,ज्ञानचंद रावत ग्रामवासी दिलीप साहू,लिखन यदु,कुलेश्वर साहू,भागीरथी साहू,छबिला धुरव,हीरा कुंजाम आदि ने बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी हैं।

### शराब पीने की सुविधा दे रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो लोगों के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा से दिनेश राजपूत पिता राजू सिंह राजपूत (43 वर्ष) वार्ड क्र 14 पोटरपारा बागबाहरा और वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा में भीमा यादव पिता रवि यादव (45 वर्ष) वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे थे।

## सामाजिक बहिष्कार का मामला आपसी सुलहनामा से समाप्त

# महिला आयोग की जनसुनवाई: उत्पीड़न, फर्जी इलाज, सामाजिक बहिष्कार और संपत्ति विवादों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में मंगलवार को गरियाबंद कलेक्ट्रेट सभागार में महिला उत्पीड़न से जुड़े 16 प्रकरणों पर जनसुनवाई की गई। यह जनसुनवाई आयोग की 318वीं और जिले की सातवीं सुनवाई थी। इस दौरान विभिन्न मामलों पर कार्रवाई की गई और कई मामलों को जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। कलेक्टर भगवान सिंह उइके भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

- राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 318वीं जनसुनवाई, 16 प्रकरणों पर सुनवाई
- फर्जी डॉक्टर के इलाज से नवजात की मौत, स्व-सहायता समूह में आर्थिक शोषण और सामाजिक बहिष्कार के मामलों पर जांच के आदेश

जनसुनवाई में सबसे गंभीर मामला राजीव लोचन स्व-सहायता समूह से जुड़ा था, जिसमें समूह की अध्यक्ष पर लाभांश नहीं देने और सदस्यों का आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाया गया। आयोग ने इस मामले की जांच एसडीएम ऋषा ठाकुर को सौंपी है। दूसरी ओर, एक महिला ने एक फर्जी डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके इलाज के चलते उसके नवजात की मृत्यु हो गई। आरोपी केवल 12वीं तक शिक्षित है और उसकी पत्नी के नाम पर मेडिकल स्टोर पंजीकृत है। इस मामले को रायपुर स्थानांतरित कर स्वतंत्र जांच कराने का निर्देश दिया गया।




सुनवाई में सामाजिक बहिष्कार से जुड़े मामलों को भी सुना गया। एक प्रकरण में आवेदिका ने चंदा देने से इनकार करने पर सामाजिक बहिष्कार की शिकायत की थी, जिसे ग्रामसभा स्तर पर समाधान के आधार पर नस्तीबद्ध किया गया। अन्य मामलों में संपत्ति विवाद, वृद्धावस्था में आश्रय का अधिकार और पति द्वारा दूसरी शादी के मामलों पर निर्देश जारी किए गए।

राज्य महिला आयोग की यह जनसुनवाई गरियाबंद जिले में महिला अधिकारों की रक्षा और न्याय के लिए एक मजबूत प्रयास साबित हुई। कई पीड़िताओं को न्याय दिलाने की दिशा में कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

### स्व-सहायता समूह में आर्थिक अनियमितता, जांच शुरू

राजीव लोचन स्व-सहायता समूह की सदस्य सुखिया निर्मलकर ने आरोप लगाया कि समूह की अध्यक्ष ने वर्षों से सभी कार्यों पर नियंत्रण रखा और लाभ का हिसाब नहीं दिया। सदस्यों को सिर्फ 10 रुपये प्रति घंटे के हिसाब से मजदूरी दी गई। डॉ. नायक ने इस मामले की गहन जांच के निर्देश एसडीएम को दिए, जो सभी महिलाओं के बयान और दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट तीन माह में सौंपेंगे।

### फर्जी डॉक्टर के इलाज से बच्चे की मौत, अस्पताल पर गहराया शक

एक महिला ने शिकायत में बताया कि अनावेदक ने खुद को डॉक्टर बताकर इलाज किया जिससे उसके नवजात की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि अनावेदक डॉक्टर नहीं है, बल्कि 12वीं पास है। उसका अस्पताल 30 बिस्तरों वाला है, पर फार्मेसी के नाम पर चलाया जा रहा है। आयोग ने स्वतंत्र मेडिकल जांच कराने और मामले की अगली सुनवाई रायपुर में करने का आदेश दिया।

# राजिम में राज्यपाल रमेन डेका का विधायक ने किया स्वागत



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका बुधवार की शाम राजिम पहुंचे। यहां रेस्ट हाऊस में विधायक रोहित साहू ने बुके भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,नवापारा के वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर देवांगन,मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू मौजूद थे। विधायक रोहित साहू के निज सचिव किशोर साहू ने बताया कि विधायक के अनुरोध पर आज गुरूवार को सुबह 8 बजे नगर पंचायत परिसर में राज्यपाल रमेन डेका पौधारोपण करेंगे।

### गंगा दशहरा पर्व पर गायत्री मंदिर में होंगे विविध कार्यक्रम



**फिंगेश्वर।** आज गायत्री नव चेतना केंद्र फिंगेश्वर में एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि कल प्रातः 6 बजे से 8 तक सामूहिक जप एवं 9 से 11 तक यज्ञ एवं गंगा दशहरा में विषय पर संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें अधिक से अधिक नगर वासियों को सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है।इस कार्यक्रम में उपस्थित एच एल साहू,घनाराम साहू,जगदीश साहू,रोशन देवांगन,चिंताराम साहू,रोशन साहूशिक्षक, नारद साहू,गोविंद साहू,रामराय साहू,ओम प्रकाश यादव कमला दलवानी, शोभना, पूर्णिमा यादव,डामीन साहू,खुमीन साहूउपस्थित थे। उक्त जानकारी पुरोहित परमानंद ने दिया।

# लोहरसी में हुआ बबा दाई ददा स्वास्थ्य मेला सम्मान कार्यक्रम



**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में उप स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह में 60 साल से अधिक बुजुर्गो को केंद्र में बीमारी के जांच किया जाता है बीपी, शुगर स्तन कैंसर, कान नाक, वृद्ध जन मे होने वाली परेशानी, जैसे कई बीमारी का जाँच किया गया. इस दौरानसरपंच लोमश साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा, पंच जागेश्वर साहू, खेमचंद यादव, देवेंद्र साहू, प्रीति साहू सी एच ओ, संतोष वर्मा आर एच ओ, नंदकुमार साहू, बुजुर्ग भागोली वर्मा, शत्रुहान साहू, सहित मितानिन दीदी मौजूद रहे.



### गांव-गांव में एक पेड़ मां के नाम लगाने का लक्ष्य, योग समिति ने चला रही पौधारोपण अभियान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति जिला गरियाबंद द्वारा वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने बताया कि पतंजलि परिवार द्वारा प्रतिवर्ष औषधीय पौधों का रोपण किया जाता है। माननीय जिलाधीश भगवान सिंह उइके जी के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इस वर्ष बड़े पैमाने पर गांव-गांव में पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सिन्हा ने कहा कि पौधा लगाना मुख्य नहीं है वरन उनका संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है। पौधे को पेड़ बनाना हमारा उद्देश्य होगा।



**इनकी उपस्थिति में होगा पौधारोपण :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर, जिला योग प्रचारक गणेश आजाद द्वारा दुल्ला, जिला महामंत्री शंकर लाल यदु, हेमलाल पटेल, भोज पटेल द्वारा लोहझर, खैरझिटी, हेमसिंह सिन्हा द्वारा मढ़ेली, हरीश नेताम द्वारा परसदा खुर्द, पोखन ठाकुर, गोविंद नेताम द्वारा ओनवा, पुनीत ठाकुर द्वारा गिधनी, कान्हा सिन्हा द्वारा सोरिद खुर्द, संतोष सोरी द्वारा बहेराभाठा आदि जगहों पर पौधारोपण किया जाएगा।

# मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की सेवा बिना जीवन नहीं होता सफल : अन्नपूर्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रामायण के व्याख्याकार जनपद के पूर्व अध्यक्ष अन्नपूर्णा साहू ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की सेवा के बिना जीवन सफल हो ही नहीं सकता। उत्तरकांड के संबंध में कहा कि तुलसीकृत रामायण में उत्तरकांड का वर्णन अत्यंत सुंदर है, गोस्वामी तुलसीदास जी ने सभी शास्त्रों का सार इसमें भर दिया है। रामचरितमानस का उत्तरकांड एक नही दो नही बल्कि बार-बार पढ़ना चाहिए। कहा कि अंदर के राक्षस मरे तो जीवन का उत्तरकांड सुधरता है। मुक्ति मिलती है। तन मरने से मुक्ति नहीं मिलती जिनका मन मरता है उसे मुक्ति मिलती है। तन बदल जाता है मन बदलता नहीं। तन को संभाल के रखना है वह संसारी, मन को संभाल कर रखें वह संत। सेवा स्मरण को जीवन का लक्ष्य रखना चाहिए।

अन्नपूर्णा साहू शहर के सेवानिवृत्त प्राचार्य और भगवताचार्य डॉ रमाकांत शर्मा के यहां आयोजित रामचरितमानस कार्यक्रम में शिरकत की थी। इस मानसगान में अर्चना साहू बड़ी करेली ने एक से बढ़कर



एक भजन सुनाकर लोगों का मन जीत लिया। आर्गन पे दीपक श्रीवास, चौबेबांधा, अर्जुन मानिकपुरी, तबले पर, एवन साहू पेड पर और मानस व्याख्या अन्नपूर्णा साहू ने की।

### ये रहे उपस्थित

मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ किया। विशेष रूप से शिवकुमार पाटकर, पन्ना वशिष्ठ, टिकेश साहू ,सूरज टेलर, रश्मि शर्मा, हेमलता शर्मा ,नीति शर्मा, श्रुति शर्मा ,नेहा साहू, छोटी साहू मौजूद थे।

## कोमल राम साहू ने लगाए 251 से अधिक पौधे, गांव में पर्यावरण संरक्षण की जगा रहे हैं अलख

# श्यामनगर का पर्यावरण प्रहरी: कोमल और समर्पण ग्रुप ने रच रहे हरियाली का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शहर से लगा हुआ गांव श्यामनगर के कोमल राम साहू के द्वारा लगाए गए पौधे अब लोगों के काम आ रहे हैं किसी को छाया दे रहे हैं तो कोई फल का उपयोग कर रहे हैं और तो और गांव के लोगों को शुद्ध और ताजी हवाएं मिल रही है। बताना होगा कि कोमल राम साहू 2 अक्टूबर सन 2014 से पौधा लगाना शुरू किया और अभी तक 251 से भी अधिक पौधा खुद से लगा चुके हैं। जिसमें अशोक, नीम, करंज, बरगद, पीपल, आम, कटहल, तेंदू, चार, हर्रा, बहरा, महुआ, नींबू, जाम, आंवला, सल्फी, नारियल, चीकू, बादाम, काजू, लौन्ग, चंदन, इत्यादि है। यह पौधा तो लगते हैं साथ में उन्हें लगातार खाद और पानी देने का भी काम करते हैं। इन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाएं गए सभी पौधे पेड़ का रूप ले लिए हैं।

खास बात यह है कि कोमलराम साहू श्यामनगर के ही समर्पण ग्रुप से जुड़े हैं जिनमें पहले तो 45 सदस्य थे



लेकिन अब कुछ कम हो चुके हैं। लगातार जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू एवं प्रेम साहू का मार्गदर्शन मिलता रहा। इस ग्रुप के द्वारा स्वच्छता अभियान, नाली सफाई, पौधा लगाने का काम, पर्यावरण के सुरक्षा की जिम्मेदारी जैसे कई काम करते गए। 2 से 3 किलोमीटर तक पाइप लाइन इसलिए बिछाया गया ताकि सभी पौधों को पानी मिलें। इस ग्रुप के द्वारा अभी तक 5200 पौधे लगा चुके हैं जो पेड़ के रूप में अस्तित्व में आ गए हैं या फिर आ रहे हैं। गांव को कैसे हरा भरा करना है यह सीख यदि किसी को लेनी है तो श्यामनगर एक शानदार उदाहरण हो सकता है। कोमल साहू टेलर का काम करते हैं कपड़े सिलते हैं लेकिन इनका ध्यान हमेशा पर्यावरण सुरक्षा की ओर लगा रहता है। यह पर्यावरण प्रेमी के हर कार्य तारीफे काबिल है।

### पिता के साथ बच्चे भी लगाते हैं पौधे

पिता को पौधे लगाते देखा तो इनके दोनों बच्चे अंजलि और शुभम ने विभिन्न प्रजाति के कई पौधे लगा चुके हैं। इनके द्वारा लगाए गए पौधे भी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। बताना होगा कि पुत्री अंजलि कक्षा दसवीं की छात्रा है तो शुभम इस वर्ष कक्षा 12वीं पढ़ेंगे। इन दोनों का भी कहना है कि पर्यावरण की सुरक्षा प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है। बिना पेड़ पौधे के मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उनकी पत्नी ईश्वरी साहू भला पेड़ लगाने से कैसे पीछे रह सकती है इन्होंने पौधे लगाने के अलावा पति के साथ खाद पानी देने में भी लगी रहती है। बताना होगा कि श्यामनगर देश के तीसरे एवं छत्तीसगढ़ के पहले गांव है जहां राष्ट्र के प्रति राष्ट्रीयता जागृत करने के उद्देश्य से 26 जनवरी सन 2018 से सुबह 9 बजे 20 लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रतिदिन राष्ट्रगान किया जाता है जिससे ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना का संचार हो सकें। इसके अलावा पर्यावरण को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से पथ वृक्षारोपण, स्कूल में प्यारी निर्माण कर वृक्षारोपण मुक्तिधाम में औषधि एवं फलदार वृक्ष गांव में चार तालाब है सभी तालाबों में लगभग 4000 पौधे लगाकर ग्रीन गांव का वातावरण प्रदान किया गया है।

